कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय हरदोई।

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय हरदोई हेतु 250 KVA जनरेटर क्रय किये जाने का प्रस्ताव है, जिसके लिए पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों से सील बन्द निविदाएं दिनांक 05.12.2016 तक केन्द्रीय नजारत सिविल कोर्ट हरदोई में आमंत्रित है। निविदाएं दिनांक 06.12.2016 को सांय 4.00 बजे प्रभारी अधिकारी नजारत के समक्ष खोली जावेगी। निविदा हेतु विवरण निम्नवत हैः–

1. वाटर कूल्ड साइलेन्ट जनरेटर क्षमता 250 KVA.
2- जनरेटर स्थापित किये जाने हेतु प्लेटफार्म (चबूतरा) एवं शेड का निर्माण।
3- इंस्ट्रालेशन अर्थिंग, केबिल, चेन्ज ओबर एवं अन्य सभी आवश्यक एक्सेसरीज सहित।

निविदा की शर्ते निम्नवत हैः–

1. सील बंद निविदा के साथ संबंधित फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिर्वाय है।
2. सबसे न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जावेगी किन्तु किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।
3. निविदा स्वीकार करने के उपरान्त कीमतों में कोई संशोधन एवं बढोत्तरी स्वीकार नही की जावेगी, और फर्म को दिये गये निविदा मूल्य के आधार पर ही आपूर्ति करनी होगी उसके उपरान्त भुगतान किया जावेगा।
4. निविदा में वारण्टी/गारण्टी की अवधि एवं अन्य जो भी शर्ते हो उसे दिया जाना आवश्यक है।
5. जनरेटर स्थापित किये जाने हेतु अलग से कोई चार्ज देय नही होगा।
6. माननीय उच्च न्यायालय से जनरेटर क्रय करने की अनुमति प्राप्त होने पर आपूर्ति आदेश जारी होगा। जनरेटर की आपूर्ति से पूर्व मूल्य का 10% जमानत धनराशि के रूप में एन एस सी अथवा राष्ट्रीयकत बैक की सावधि रसीद प्रस्तुत करनी होगी।

दिनांक 4 .11.2016

(अलका श्रीवास्तव)
विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0एक्ट/ प्रभारी
अधिकारी नजारत सिविल कोर्ट
हरदोई।

निविदा की सूचना निम्नलिखित कार्यालयों के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्राप्त कराया जावे।

1. नोडल ऑफीसर कम्प्यूटर जनपद न्यायालय हरदोई को इस आशय के साथ कि इसे माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जनपद न्यायालय हरदोई के वेबसाइड पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
2. नोटिस बोर्ड कार्यालय जिला जज हरदोई।
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय जिला अधिकारी हरदोई।
4. नोटिस बोर्ड कार्यालय जिला परिषद हरदोई।
5. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदोई।
6. नोटिस बोर्ड कार्यालय तहसीलदार हरदोई।
7. सदर बाजार हरदोई
8. रेलवे गंज बाजार हरदोई।

(अलका श्रीवास्तव)
विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0एक्ट/ प्रभारी
अधिकारी नजारत सिविल कोर्ट
हरदोई।